मैं आप के सामने अपना खुद का अनुभव रखना चाहता हूं। मैं एक रोज चांदनी चौक में गया था। मैं एक दुकान में बैठा हुआ था। वहां पर मुझे बताया गया कि एक छोटी सी दुकान है जिस की साठ हजार रुपये पगड़ी मांगी जा रही है और दो साल से वह दुकान खाली पड़ी हुई है। न कोई साठ हजार देता है और न दुकान खुलती है। मुश्किल से उस को बनाने पर दस पांच हजार लगा होगा जिस की साठ हजार रुपया पगड़ी मांगी जा रही है। इसलिये जैसा संशोधन में कहा गया है इस किस्म की प्रोविजन इस में लगनी चाहियें ताकि जो मकान मालिक हैं, वे आसानी से किरायेदारों को निकाल न सकें और अगर ऐसा नहीं होता है तो लाजिमी तौर पर बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ जायेगा। आप पुरानी दिल्ली में जायें, आपको हजारों आदमी पेड़ों के नीचे, गलियों में, पुलों के नीचे रहते हुए मिलेंगे। हमारे लिये बड़ी लज्जाजनक बात है। एक तरफ तो मकान खाली पड़े रहते हैं और दूसरी तरफ हजारों आदमी झोंपड़ों में, पुलों के नीचे या गलियों में रहते हैं, उनको रहने के लिये मकान नहीं मिलता है। मैं घूमता हुआ गया और मैंने लोगों से पूछा तो मुझे मालूम हुआ कि लोग पुलों के नीचे पड़े हुए हैं, अपनी गुदड़ियों उन्होंने बिछा रखी हैं, वहीं पर बाल बच्चे पड़े हुए हैं और जब मैंने किसी से पूछा कि तुम क्या करते हो तो किसी ने कहा मैं सिनेमा के पोस्टर लगाता हूं सिनेमा का प्रचार करता हूं और किसी दूसरे ने कहा कि मूंगफली बेचता हूं। हजारों के तादाद में लोग इस किस्म की मुसीबतों का मुकाबला कर रहे हैं। किस तरह से वे अपना गुजारा करते हैं और कितनी मुश्किल उनको होती है, यह वही जानते हैं जो इस तरह की परिस्थितियों में रहते हैं, जिन के साथ बीतती है।

माननीय सदस्य ने कहा कि जो इंजीनियर्ज हैं, डाक्टर हैं, वकील हैं या इस किस्म के छोटे मोटे दूकानदार हैं, उनके मकानों को खाली कराने से पहले इस बात की छानबीन होनी चाहिये कि दरअसल में मकान बनाने की जरुरत है या नहीं है। साथ ही साथ में समझता हूं कि सरकार को किराये भी फिक्स करने चाहियें। बहुत जगहों पर म्यूनिसिपल बोर्डों को यह अधिकार दिया गया है कि वे किराये फिक्स कर सकते हैं। लेकिन कोई बताता ही नहीं है उनको इसलिये कि अगर वह बतायेगा तो कोई मकान ही उसको नहीं देगा। कोई बताता ही नहीं है कि इतना टैक्स है और उसी के मुताबिक मकान किराया होना चाहिये क्योंकि पहले से प्रामिज कर लिया जाता है कि वह इस तरह की कोई बात नहीं छेड़ेगा और जो भी किराया मांगा गया है देगा। इन सब चीजों को देखते हुए जो संशोधन लाये गए हैं, मैं चाहता हूं माननीय मंत्री जी उनको स्वीकार कर लें।

श्री यशपाल सिंह (कैराना) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं माननीय नवल प्रभाकर जी को मुबारिकबाद देता हूं कि उन्होंने किरायेदारों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से इस बिल को यहां पेश किया है। मेरी राय यह है कि जिस तरह से यह नारा लगाया गया था कि लैंड मस्ट गो टू दी टिल्लर, उसी तरह से यह भी नारा लगाया जाना चाहिये "दी हाउस मस्ट गो टू दी टनेंट"। लैंड मस्ट गो टू दी टिल्लर का नारा लगा करके करोड़ों आदमी जिन की जमीनें थे, अपनी जमीनों से आज दस्तबरदार हो गये हैं। इसी तरीके से मैं चाहता हूं कि

[श्री यशपाल सिंह]

"हाउस मस्ट गो टू दी टैनेंट" का भी आज नारा लगना चाहिये। जो लोग जिन मकानों में रह रहे हैं, वे मकान उनकी मिलकियत हो जानी चाहिये।

इसके अलावा जो किराया लिया जा रहा है, उस में सब चीजें शामिल होनी चाहिए ऐसा नहीं होना चाहिये जैसे साउथ एवेन्यू में होता है कि किराया तो अलग से ले लिया जाता है, लेकिन उसके अलावा कोई बिजली वाला बिल ले कर आता है, कोई पानी वाला आता है, और बिल लाता है और कोई सर्विस वाला आ जाता है। किरायेदार से ये सब चार्ज अलग से नहीं लिये जाने चाहियें और इनको मालिक मकान को अदा करना चाहिये। ऐसा करने के लिये मालिक मकान चाहें तो किराया कुछ हद तक बढ़ा सकते हैं। ऐसा नहीं होना चाहिये कि बीस बीस अमीन आकर खड़े हो जायें और जब पूछा जाये तो कोई कहे कि यह पानी का बिल है, कोई कहे यह बिजली का बिल है और तीसरा कहे कि यह सर्विस का बिल है।

"लैंड मस्ट गो टू दी टिल्लर" का नारा लगा कर करोड़ों आदमियों को बेघरबार कर दिया गया है और आज उनके पास एक बीघा भी जमीन नहीं है जिस में वे सब्जी तक लगा सकें। शहरी जायदाद के बारे में भी ऐसा ही होना चाहिये। "हाउस मस्ट गो टू दी टैनेंट"। आज दिल्ली शहर में करोड़ों रुपये की मिलकियत वाले लोग हैं। दिल्ली में ही कितने ही मकान खाली पड़े हुए हैं कोई उनको देख तक नहीं सकता है। अगर कोई आज साठ हजार या अस्सी हजार रुपया पगड़ी देने वाला आ जाये तो फौरन उसको मकान मिल सकता है और अगर कोई पगड़ी देने वाला न हो तो कह दिया जाता है कि यहां कोई जगह खाली नहीं है।

बापू जी को एक बार तमाम चांदनी चौक के दूकानदारों ने जा कर कहा था कि ये जो शरणार्थी लोग आए हैं, इन्होंने हमारी दूकानदारी खत्म कर दी है, ये हमारी दूकानों के सामने कपड़े का बिजिनस या दूसरी चीजों का बिजिनेस करते हैं, हमारी दूकानों के आगे बैठ जाते हैं, इसलिये इनको यहां से हटाया जाये, इस में इनको फायदा है, हम को घाटा है। विश्वबंधु बापूजी ने उनको इसका यह जवाब दिया कि अगर इनको चौरा पर और पटरियों पर बैठने में फायदा है, तो आप लोग पटरियों पर बैठ जायें, आपको लाभ होगा और जो उजड़े हुए लोग हैं, इनको आप अपनी दूकानें दे दीजिये। ये जो करोड़ों आदमी उजड़े हुए हैं, जिन के बच्चे पढ़ रहे हैं, या जो फौज में लड़ रहे हैं, या जो निर्माण कार्यों में लगे हुए हैं, या लेखक हैं, या कवि हैं, उनके पास इतना सरमाया नहीं है कि वे अपने मकान बना सकें और मैं समझता हूं कि उनको तथा उनके बच्चों को एकामोडेट करना स्टेट का फर्ज है, गवर्नमेंट का फर्ज है। अगर कोई मिलिट्री में भरती हो गया है और वहां वह लड़ रहा है, या वे बच्चे हैं जो पढ़ रहे हैं, या जो शायरी करता है, या जो लेखक है, अदीब है, उपन्यास लिखता है, या कलाकार है, उसने क्या कसूर किया है कि उसको रहने के लिये जगह न मिले। उसको कहीं न कहीं जगह रहने के लिये मिलनी चाहिये। सब को एकामोडेट करना गवर्नमेंट का काम है। मुझ को ऐकोमोडेट करना सरकार का काम है। जो करोड़ों रुपयों की कोठियां खाली पड़ी हुई हैं वे उन लोगों को दी जायें जो कुछ कर सकते हैं। आजकल अक्सर ऐसा होता है कि मैं दिल्ली में कनाट प्लेस और चांदनी चौक जाता हूं। हजारों भाई लाइन में खड़े रहते हैं। वह लोग लाइन में खड़े रहते हैं जो देश के लिये निर्माण का काम करते हैं। वह इसलिये लाइन में खड़े रहते हैं कि बस नहीं आई है, अगर बस आई है तो टिकट नहीं मिलता है, अगर टिकट मिलता है तो बस में जगह नहीं है। इस

तरह से वे घंटों घंटों खड़े रहते हैं जो कि निर्माण के काम कर सकते हैं, बहुत से बी० ए० और एम० ए० पास लोग हैं जो कि खड़े रहते हैं और कारों में बैठ कर ऐसे इनवैलिड आदमी निकलते हैं जो रात रात भर खुलखुल करते हैं, बलगम उगलते हैं, जिनकी धुकधुकी उखड़ी होती है और बराबर खां खां करते रहते हैं । एक तरफ तो आप कहते हैं कि "सरवाइवल आफ दि फिटेस्ट" और दूसरी तरफ हम देखते हैं कि कार में बैठ कर वह लोग घूमते हैं जिन्होंने जिन्दगी भर रिश्वत ली है और अब बेकार हो गये हैं, जिन के रात रात भर खांसी आती है । और छः छः फुट के जवान भाई और बहन, बी० ए० और एम० ए० लाइन लगा कर खड़े रहते हैं क्योंकि उन्हें बस नहीं मिलती है । असल में सरकार उन के लिये कुछ करना नहीं चाहती । अगर करना चाहती है तो क्यों नहीं एक बनिये के बेटे को कंट्रैक्ट दे देती ? अगर दे दे तो आज ही सारा इन्तजाम हो जाय ।

मेरा कहना है कि जो लोग लेखक हैं, कवि हैं, योद्धा हैं, लड़ने वाले हैं, सैनिक हैं उन को ऐकोमोडेट करना सरकार का काम है । हम भी सरकार का काम करते हैं, राष्ट्र का काम करते हैं । हमारे पास इतनी सम्पत्ति नहीं है कि हम अपने मकानात बना सकें । आज जो करोड़ों रुपयों के महलात खाली पड़े हुए हैं उन महलात में उन लोगों को बसाया जाय जो देश के निर्माण का काम करते हैं । आज देश की सम्पत्ति वे लोग हैं जो स्वस्थ हैं । जब हम यह कहते हैं कि "साउंड माइन्ड इन ए साउंड बाडी" तब मैं कहता हूं कि चौराहे पर जो सिपाही खड़ा हुआ है, जो रास्ता दिखलाता है सब को, वह हमारे देश की सम्पत्ति है । लेकिन यहां हाल यह है कि ६२ मिनिस्टरों में से हमारे यहां ४२ बीमार हैं । वह क्या देश की रक्षा करेंगे ? वह क्या लड़ेंगे और क्या फौज के लिये योद्धा बनेंगे ? असलियत तो यह है कि जो बलवान हैं, जो विद्वान् हैं, जो बुद्धिमान हैं, जो लड़ सकते हैं उन को ऐकोमोडेट करना सरकार का काम है । उस का फर्ज है । इस वास्ते जहां हम ने यह नारा लगाया था कि "लैंड मस्ट गो टु दि टिलर" उसी तरह से "हाउस मस्ट गो टु दि टिनेन्ट" यह नारा भी लगना चाहिये ।

श्री गौरीशंकर कक्कड़ (फतेहपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, यह जो संशोधन विधेयक आया है उस का मैं स्वागत करता हूं । मैं आशा करता हूं कि माननीय मंत्री जी को भी इस को स्वीकार करने में कोई संकोच नहीं होगा । यों तो सभी प्रदेशों में, जहां जहां पर रेंट कंट्रोल ऐक्ट बने हैं, किरायेदारों को सुविधायें दी गई हैं, परन्तु मालिक मकान किसी न किसी बहाने से मकानों को खाली कराने के लिये हमेशा प्रयत्नशील रहते हैं ।

जैसा आप जानते हैं, दिल्ली शहर भारतवर्ष का कैपिटल होने के कारण एक विशेष आकर्षण रखता है और जो डाक्टर हैं, जो वकील हैं जो इंजीनियर हैं या दूसरे लोग जो इस प्रकार के पेशे करते हैं, वे यहां केवल इसलिये आते हैं कि वे समझते हैं यहां उन को ज्यादा प्रोत्साहन मिलेगा । इसी लिये उन का दिल्ली के प्रति ज्यादा आकर्षण है । ऐसे लोगों को अवश्य सुविधा देनी चाहिये । ऐसा पेशा करने वालों का ज्यादातर खयाल यह रहता है कि जिस विशेष जगह पर, जिस विशेष मोहल्ले में वे व्यवसाय आरम्भ करते हैं वहां उन को सफलता मिलती है, वहां उन की गुडविल रहती है । अगर वे किसी सबब से उस मोहल्ले से हटा दिये जाते हैं तो बहुत बड़ा गलत प्रभाव उन के व्यवसाय पर पड़ जाता है ।

यह जो संशोधन विधेयक लाया गया है उस में यह संकेत किया गया है कि नई इमारत का निर्माण करने के बहाने से किरायेदारों को अदालत के द्वारा बेदखल करा दिया जाता है और उस के बाद नई निर्मित इमारतों में व्यवसाय शुरू कर दिये जाते हैं । यह बात

[श्री गौरीशंकर कक्कड़]

अवश्य बहुत ज्यादा फैली हुई है । इस में ऐसी भी मिसालें मिलेंगी कि मालिक मकान बहुत लम्बी रकम पगड़ी के तौर पर दूसरों से तय कर लेते हैं और उस के बाद मौजदा किरायेदारों को बेदखल करा कर जिन लोगों से पगड़ी के रूप में लम्बी रकमें मिलती हैं उन को वही इमारत दे देते हैं । जैसा माननीय सदस्य ने सदन के सामने कहा कि जो किरायेदार बेदखल हो जाता है उस को दिल्ली शहर में या और जगह कोई शरण नहीं मिलती है और शरणार्थियों की तरह पर उनकी संख्या बढ़ती चली जाती है । इन सब चीजों का ध्यान रखते हुए मैं समझता हूं कि दूसरी स्टेट्स में जो रेंट कंट्रोल एक्ट लागू है उनके मुकाबले दिल्ली में किरायेदारों को अवश्य ज्यादा सुविधायें देनी चाहियें ।

इस कानून में संशोधन करने के लिए जो विधेयक लाया गया है उस में ज्यादातर उन लोगों को लाभ होगा जो छोटे छोटे सरमाये वाले हैं, जो छोटी छोटी हैसियत वाले हैं और अपनी गुजर अपने छोटे धंधे करके ही कर सकते हैं । अगर इस दृष्टिकोण से भी देखा जाए तो यह न्यायसंगत है कि जो लोग छोटी हैसियत वाले हैं उनको प्रोत्साहन मिले और उनके मकानों को उन से छीना न जाय ।

इस विधेयक में यह भी दिया हुआ है कि अगर वास्तव में कोई इमारत इस प्रकार की दशा में हो गई है कि वह गिरने वाली है, अथवा उसकी दशा बहुत खराब है, तो उसका मुआयना कराने के बाद और एक सर्टिफिकेट हासिल करने के बाद उसके दुबारा निर्माण की इजाजत दी जा सकती है । परन्तु होता यह है कि अगर कोई शर्त न रक्खी गई तो फिर न्यायालय में मुकदमा दायर होने के बाद कि उस पर दुबारा निर्माण करने की आवश्यकता है, फिर इस चीज को देखने की आवश्यकता नहीं रहती है कि उस इमारत की क्या दशा है, वाकई वह गिरने के काबिल है या नहीं या वाकई वह गिर रही है या नहीं । जब केवल इस बात के साथ मुकदमा दायर होता है कि नई इमारत बनानी है तो फिर इसी बिना पर किरायेदार बेदखल हो जाता है । जब तक इस प्रकार का संशोधन नहीं आयेगा उस समय तक जो यह अधिकार मालिक मकान को दिया गया है उसका दुरुपयोग करके बहुतेरे लोग अपने किरायेदारों को हटाते रहेंगे । मैं तो समझता हूं कि अगर इस प्रकार का संशोधन स्वीकार कर लिया जाता है तो यह एक बहुत बड़ी जनसंख्या के लिये, जो कि दिल्ली शहर में रहती है और किसी तरह से अपने दरजों की परवरिश कर रही है, एक सहारा होगा और उन लोगों के लिये बहुत बड़ा प्रोत्साहन होगा । मैं चाहता हूं कि माननीय मंत्री जी इस संशोधन को स्वीकार कर लें क्योंकि इसमें किसी सरकारी पालिसी का भी प्रश्न नहीं है । यह केवल कुछ किरायेदारों को सुविधा देने की चीज है ।

दूसरी चीज मुझे यह कहनी है कि जिन साथियों ने इस संशोधन विधेयक को इस सदन में प्रस्तुत किया है उन से भी मैं प्रार्थना करूंगा इसको नानआफिशियल विधेयक समझ कर वे इसे वापस न ले लें । यह एक ऐसा संशोधन है जो कि वास्तव में जनता का कल्याण करने वाला है और इतनी बड़ी संख्या में जिन लोगों के खिलाफ इस कानून का दुरुपयोग किया जा रहा है उनको फायदा पहुंचाने वाली चीज है ।

अन्त में मैं यही कहूंगा कि जो यह संशोधन विधेयक आया है उसको सदन सर्वसम्मति से स्वीकार करे ।

श्री राम सेवक यादव (बाराबंकी) उपाध्यक्ष महोदय, मैं पूरे दिल से तो नहीं किन्तु आधे दिल से माननीय सदस्य को

जिन्होंने यह विधेयक प्रस्तुत किया है, बधाई देता हूं ।

एक माननीय सदस्य : आधे दिल से ?

श्री राम सेवक यादव : आधे दिल से इसलिये मैंने कहा कि अगर वह चाहते हैं कि मैं उनको पूरे दिल से बधाई दूं तो वे इसको वापस न लें ।

Shri Yashpal Singh: Here lies he point.

श्री राम सेवक यादव : अक्सर यह देखा गया है कि जब इस प्रकार के विधेयक आते हैं और मुख्यतः सरकारी पक्ष के सदस्य रखते हैं तो अन्त में उसे वापस ही ले लेते हैं । यही भय मेरे मन में है और मैं माननीय सदस्य से चाहूंगा कि वे मेरे इस भय का निराकरण कर दें ।

यह जो दिल्ली किराया नियंत्रण (संशोधन) विधेयक है वह बहुत ही सामयिक है और जो किरायेदारों की समस्या है उसकी ओर सदन का ध्यान खींचने वाला विधेयक है । और मैं समझता हूं कि माननीय मंत्री महोदय की ओर सदन के प्रत्येक सदस्य की इस विधेयक में हमदर्दी होगी । अब अगर कुछ कानूनी अड़चन इसे स्वीकार करने में हो तो उसे माननीय मंत्री महोदय जानते होंगे ।

इस विधेयक का उद्देश्य यह है कि इस समय मौजूदा कानून में जो लूपहोल हैं उनको दूर किया जाये और मैं समझता हूं कि जो अमेंडमेंट माननीय सदस्य ने दिये हैं उनको स्वीकार कर लिया जाये तो जो लूपहोल इस समय मौजूदा कानून में है उनको हम दूर कर सकते हैं और उनके दूर होते ही किरायेदारों की समस्या भी हल हो सकती है ।

पता नहीं पूरे देश में एक हवा सी है कि कोई भी कानून बनाया जाता है, और अच्छे उद्देश्य से बनाया जाता है, तो उसके अन्दर कोई न कोई ऐसी गुंजाइश रख दी जाती है कि जिसका फायदा इस देश के मुट्ठी भर लोग किसी न किसी शक्ल में उठा लेते हैं । मिसाल के तौर पर इस कानून में यह व्यवस्था है कि कोई मकान मालिक चाहे तो मकान बनाने के लिए किरायेदार को बेदखल कर सकता है या निकाल सकता है । कहने को तो यह उद्देश्य बहुत ही बढ़िया है कि उस मकान को जो कि खराब हालत में है और गिरने वाला है बनाया जाए, और जब तक किरायेदार बेदखल नहीं किया जाता वह मकान नहीं बन सकता और उसके लिए म्युनिसिपैलिटी या नोटिफाइड एरिया आदि जो भी इस प्रकार का अधिकार देने वाली संस्था हो उसकी इजाजत लेनी पड़ेगी । लेकिन हम और आप अच्छी तरह से जानते हैं कि हमारा समाज कुछ ऐसा भ्रष्टाचारमय हो गया है कि जो अधिकार देने वाले लोग हैं, वे न जाने किसी असर की वजह से या कुछ पैसे के लालच से गलत तौर पर एक सर्टिफिकेट दे देते हैं और उसी का शिकार आज किरायेदार हैं ।

इस सम्बन्ध में मैं आपको अपने उत्तर प्रदेश की एक मिसाल देना चाहता हूं । वहां एक कानून बनाया गया है कि हरे पेड़ न काट जायें । लेकिन उस कानून में एक गुंजाइश छोड़ दी गयी है कि हरे पेड़ कट सकते हैं अगर उन की जगह दूसरे पेड़ लगा दिये जायें । इसके अन्दर एक खास इरादा छिपा हुआ है कि वे पेड़ काटने की इजाजत देना चाहते हैं । कानून का मंशा तो यह है कि हरे पेड़ न काटे जायें, लेकिन कानून में एक गुंजाइश छोड़ दी गयी जिसका लोग फायदा उठाते हैं । आज हम उत्तर प्रदेश में देखते हैं कि सरकारी कर्मचारियों से रिश्वत देकर या तरीके से नाजायज परमिट ले कर धड़ल्ले से बगीचों का सफाया हो रहा है, हरे दरख्त कट रहे हैं और उनकी जगह दूसरे पेड़ नहीं लग रहे हैं । वैसी ही स्थिति इस कानून के अन्तर्गत आज यहां के किरायेदारों की है । आज उनको सरकारी अफसरों की मदद से मकान बना

[श्री राम सेवक यादव]

के बहाने बेदखल करने की कोशिश हो रही है। तो मैं चाहता हूं कि अगर मंत्री महोदय इस उद्देश्य से सहमत हों कि दिल्ली शहर में किरायादारों की कठिनाइयों को दूर किया जाये तो वे इस संशोधन को, जो कि बहुत मामूम है, स्वीकार कर लें। इसको स्वीकार करने में कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिये।

इस विधेयक को सदन के सामने लाने का उद्देश्य माननीय सदस्य का यह मालूम होता है कि दिल्ली शहर के उन लोगों की समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान खींचा जाये जिनके पास मकान नहीं हैं या जिनको बेदखल होने का डर है। ऐसी स्थिति में मैं सरकार से कहूंगा कि कम से कम इतनी जिम्मेवारी ले कि नई दिल्ली और पुरानी दिल्ली का डाक सर्वे कराये कितने मकान ऐसे हैं जो खाली पड़े हैं और कितने ऐसे बड़े बड़े मकान हैं जिनमें काफी जगह है लेकिन उनमें एक या दो आदमी रहते हैं। इसके बाद यह व्यवस्था की जाये कि जो मकान पगड़ी आदि न मिलने के कारण खाली पड़े हैं उनको किरायेदारों को दिया जायें, और अगर कोई आदमी एक बड़े मकान में ठाट से रहना चाहता है उन पर नियंत्रण लगाया जाये और उस मकान में और लोगों को भी बसाया जाये। इसके बाद आज जो लोग फुटपाथों पर या सड़कों के किनारे पड़े हैं या गन्दी बस्तियों में रह रहे हैं उनको अच्छी जगह देने की व्यवस्था की जाये। अगर सरकार ऐसा करे तो दिल्ली की समस्या को हल कर सकती है। इस विधेयक में जो संशोधन दिया हुआ है उसको अगर सरकार स्वीकार कर लेती है तो किरायेदारों को नाजायज तौर पर से निकाल दिया जाता है यह समस्या हल हो सकेगी।

इन शब्दों के साथ में इस विधेयक का दिल से समर्थन करता हूं इस इच्छा के साथ कि मंत्री महोदय इसे स्वीकार करेंगे, और अगर वह इसे स्वीकार न करें तो उनका परदा या उनके चेहरे का नकाब खोलने के लिये माननीय सदस्य कम से कम इसको वापस न लें।

श्री कछवाय (देवास) : उपाध्यक्ष महोदय, यह जो विधेयक आया है मैं इसका हृदय से स्वागत करता हूं। सबसे पहले में यह कहना चाहता हूं कि आज दिल्ली में कर्मचारियों के लिये और मजदूरों के लिये मकानों की बड़ी समस्या है। मुझे स्वयं भी इसका अनुभव है। मैं पार्लियामेंट का मेम्बर होते हुये भी आज ६ महीने से बगैर मकान के हूं और दूसरे के मकान में रह रहा हूं। जब पार्लियामेंट के मेम्बर की यह हालत है तो दूसरे आदमी की क्या हालत होगी।

आज जो दूसरे प्रांतों से या आस पास के देहातों से कर्मचारी आते हैं उनको ठीक मकान नहीं मिलता। और अगर उनको मकान मिल भी गया तो उनको जो सरकार की ओर से किराया दिया जाता है उससे चौगुने पांच गुने और छः गुने किराये पर मिल पाता है। इतना देने पर भी मकान बड़ी मुश्किल से मिलता है।

आज दिल्ली में लाखों की तादाद में ऐसे मजदूर लोग हैं जिनका जमीन बिछौना है और आसमान उनकी चादर है और इस कड़कड़ाते जाड़े में वे अपने बच्चों और परिवार को ले कर पड़े रहते हैं, और दूसरी ओर हमारे मिनिस्टर लोग, एक व्यक्ति रहने वाला है, एक परिवार रहने वाला है और इतनी लम्बी कोठी लिये बैठे हैं जिसमें ५०० आदमी रह सकता है। यह हमारी सरकार इस गरीब जनता का नेतृत्व करती है।

आज जो मकान मालकि सरकारी कर्मचारियों को रिश्वत देकर या और तरह मकान को नये सिरे से बनवाने का परामिट ले लेते हैं यह प्रथा बन्द होनी चाहिये। कानून

बनाना बड़ा सरल है, बहुत अच्छा है और बहुत सीधा है, पर उस पर अमल करना बहुत कठिन है । कानून बन जाता है और हम लोग उसको सर्वसम्मति से पास कर देते हैं, लेकिन उस पर अमल नहीं होता । जब वह कानून लागू होता है तो बड़े बड़े मकान वाले जिन्हें मकानों से हजारों लाखों की आय होती है, जिनके अंडर में सरकारी कर्मचारी हैं उनको लाखों की तादाद में रिश्वत दे कर अपना काम करवा लेते हैं ।

आज दिल्ली में भारत की राजधानी होने के बाद जो मकानों की समस्या है, वह मैं समझता हूं कि देश के किसी और नगर में नहीं होगी । मुझे अपना अनुभव है कि मुझे ६–७ महीने से मकान नहीं मिला। मैंने अध्यक्ष महोदय को दरख्वास्त दी, मेरे नाम मकान एलाट हो गया लेकिन खाली नहीं होता । हारे हुये एम० पी० उसमें रह रहे हैं ।

श्री राम सेवक यादव : किस दल के हैं ?

श्री कछवाय : कांग्रेस दल के हैं ।

तो मेरा कहना है कि ये सब बातें ठीक प्रकार से चलनी चाहियें और सरकार को इस ओर विशेष ध्यान देना चाहिये । दिल्ली में जो गड़बड़ी चल रही है वह बन्द होनी चाहिये ।

श्री भैरवा (कोटा) : उपाध्यक्ष महोदय, इस विधेयक में जो संशोधन आये हैं मैं उन का स्वागत करता हूं । जो बड़े बड़े आदमी हैं वे मकान मालिकों को ज्यादा रुपया या पगड़ी दे कर मकान ले लेते हैं लेकिन जो वरकर है या जो गरीब मजदूर है वह उतना रुपया नहीं दे सकता, न पगड़ी दे सकता है । आज जो दिल्ली में इतने लोग झुग्गी झोंपड़ियों में रह रहे हैं इस का क्या कारण है ? इस का कारण यह है कि जो पुरुषार्थी लोग आये उन में से कुछ के पास काफी पैसा था, उन को मुआवजे का भी काफी रुपया मिल गया । उन्हों ने मकान मालिकों को रुपया और पगड़ी दे कर गरीबों से मकानों को खाली करवा लिया । उन गरीबों ने दिल्ली से दो चार मील पर जा कर झुग्गी झोंपड़ियां लगा लीं । इस तरह होते होते ऐसे लोगों की संख्या ५० या ६० हजार तक पहुंच चुकी है और ये लोग झुग्गी झोंपड़ी वालों के नाम से मशहूर हो रहे हैं । गवर्नमेंट उन को भी तंग करती है और रात में जा कर कहीं १६००० उठा दिये तो कहीं २०००० उठा दिये । अब इन बेचारों लोगों को तो पहले ही मकान मालिकों ने तंग कर के निकाल दिया है फिर गवर्नमेंट भी इन्हें तंग करती है । मेरा इस सम्बन्ध में निवेदन है कि जब तक इन लोगों के बसाने के लिये सरकार दूसरा प्रबन्ध न कर ले, उन के लिये दूसरे मकान न बना ले तब तक उन को उन के मौजूदा ठिकानों से नहीं उखाड़ना चाहिये ।

मकान मालिक जान करो यह है कि मकान दुबारा बनवाने का झांसा दे कर मकान को खाली करवा लेते हैं और इस के लिये वह कारपोरेशन या म्युनिसपैलटी के दफ्तरों में जा कर १०, या २० या ४० रुपया दे कर नकली सर्टिफिकेट हासिल कर लेते हैं कि मकान डिसमैंटिल करना है क्योंकि इस की मियाद खत्म हो गयी । मकान मालिक डिसमैंटिलिंग के लिये इजाजत ले लेते हैं । अब मकानमालिक करता यह है कि मामूली सा आल्ट्रेशन या ऐडीशन करवा लेता है और व्हाइटवाशिंग करवा कर किसी मैजिस्ट्रेट को दिखला कर कह देता है कि यह बिलकुल नया बन कर तैयार हो गया है । अब यह कौन देखता है कि वाकई वह फिर से बना है या उस में क्या आल्ट्रेशन या ऐडीशन हुआ है या महज उस ने व्हाइटवाशिंग ही करा कर नया तैयार कर दिया है क्योंकि उन को तो

[श्री भैरवा]

रुपया मिल गया इसलिये वे कुछ जांच नहीं करतें हैं । मकान मालिक किरायेदार को तंग करने लगता है । कभी बिजली का कनैक्शन कटवा दिया तो कभी पानी का कनैक्शन कटवा दिया । गरज यह कि किरायेदार को हर प्रकार से तंग कर के निकालना चाहता है क्योंकि उस से उसे कम किराया मिलता है और यदि उस को वह निकाल देता है तो बाद में वह उसी मकान को दूसरे शख्स को और जो बड़ी बड़ी तनख्वाह पाने वाले लोग हैं उन से वह बतौ किराये के १००, १०० और २००, २०० रुपये वसूल करता है । इस के कारण गरीब किरायेदारों को बड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है । राजस्थान के निर्माण के बाद कोटे में मैं ने देखा कि गवर्नमेंट सर्वेन्ट्स को मकान किराये पर नहीं मिलते हैं और उन को विवश हो कर धर्मशालाओं में अपने दिन गुजारने पड़ते हैं । आजकल धर्मशाला में ३ दिन से ज्यादा आदमी ठहर नहीं सकता इसलिये ३, ३ दिन एक एक धर्मशाला में रह कर तीस दिन गुजारते हैं और फिर दूसरे महीने तीन, तीन दिन एक एक धर्मशाला में रहते हैं । मैं ने देखा है कि ६, ६ महीने तक इनकम-टैक्स के कर्मचारी इस तरह धर्मशालाओं में घूमते रहते हैं और दिन गुजारते रहते हैं । इनकमटैक्स के जो कर्मचारी कोटा और भुसावल के तबदील हो कर गये हैं उन को बड़ी ही दिक्कत इस सम्बन्ध में उठानी पड़ रही है ।

यह दिल्ली रैंट कंट्रोल ऐक्ट के लिये जो संशोधन विधेयक प्रस्तुत है मैं उस का समर्थन करता हूं और मैं चाहूंगा कि प्रस्तावक महोदय उस को वापिस न लें ।

श्री कछवाय : उपाध्यक्ष महोदय, मैं समझता हूं कि हाउस में इस समय कोरम नहीं है ।

Mr. Deputy-Speaker: Let the bell be rung.

Shri Hajarnavis rose—

Mr. Deputy-Speaker: The quorum is being challenged. It is a very sad reflection that every day the quorum bell has to be rung.

Shri Rameshwar Sahu may call some more friends of his inside.

I am very sorry that the quorum bell has to be rung every day. I think that the first duty of hon. Members is to Parliament. I hope Members will please keep the quorum.

Now, there is quorum. Shrimati Sarojini Mahishi.

श्रीमती सरोजनी महिषी (धारवाड़-उत्तर) : उपाध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य श्री नयल प्रभाकर ने दिल्ली किराया नियंत्रण अधिनियम को संशोधित करने के लिये जो अपना संशोधन विधेयक आज सदन में प्रस्तुत किया है उस का उद्देश्य यही है कि बावजूद मौजूदा सेफगार्ड्स के मकानमालिक मकान के पुनर्निर्माण की आड़ ले कर किरायेदार को मकान से बेदखल कर देते हैं और फिर दुबारा उन को न दे कर ज्यादा किराये पर उठाते हैं, इस तरह का नाजायज फायदा मकानमालिक न उठा सकें और किरायेदारों को तंग व परेशान न कर सकें ।

दिल्ली रैंट कंट्रोल ऐक्ट का मूल उद्देश्य यही है कि किरायेदारों को मकान मालिक तंग न कर सकें और नाजायज तौर पर उन्हें बेदखल न कर सकें साथ ही मकानमालिकों को किरायेदारों से बराबर किराया मिलता रहे । लेकिन इस किराया नियंत्रण कानून को कार्यरूप में लाने और उस को एक्जीक्यूट करने में बहुत सी कठिनाइयां होती हैं और जो उस का मूल उद्देश्य है वह पूरा नहीं हो पाता है और इसी कारण हम देखते हैं कि लोगों को इस बारे में काफी कठिनाइयां और परेशानियां होती हैं ।

कई माननीय सदस्यों ने इसके बारे में कहा है कि जिन लोगों ने किसी मकान में बतौर किरायेदार ५ वर्ष तक वास किया है उनको मकान मालिक तुड़वाकर फिर से बनवाने की आड़ में उस मकान से बेदखल न कर सकें। यह ठीक भी है कि मकानमालिक इस तरीके से किरायेदारों को तंग न कर सकें और बेजा मुनाफा न कमा सकें और मकानमालिकों की इस दुष्प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए यह संशोधन विधेयक प्रस्तुत किया गया है। मैं जहां इसका समर्थन करती हूं वहां साथ ही यह अवश्य निवेदन करना चाहूंगी कि इसमें वकील, डाक्टर्स और इंजीनियर फौर ए पीरियड ओफ फाइव इयर्स, इन तीन ही लोगों के बारे में कहा गया है। मैं नहीं समझती कि प्रस्तावक महोदय के दिल में इन तीन तरह के लोगों के लिए अधिक आत्मीयता है और दूसरों के प्रति आत्मीयता नहीं है। इसलिए मैं चाहती हूं कि इस तरह की कैटेगरीज स्पैसिफाई न की जाएं वरन् कोई भी आदमी जो बतौर किरायेदार के किसी मकान में पिछले पांच वर्ष से रह रहा हो, यदि कोई भी मकानमालिक किसी बहाने से उनको मकान से हटाने और बेदखल करने का प्रयास करता है तो किरायेदारों के हितों की रक्षा की जाय ताकि वे बेदखल न हो सकें। इसी तरह से जो मकानमालिक अपने पुराने किरायेदारों को मकानों से निकाल कर और उनकी जगह दुकानें बना कर अधिक पैसा कमाना चाहते हैं उनको भी रक्षा मिलनी चाहिए ।

दूसरी चीज यह है कि इसमें किसी भी बिल्डिंग के डिमौलिश करने का आर्डर पास करने से पहले किरायेदारों को उस प्रपोज्ड आर्डर के खिलाफ अपनी बात कहने का पूरा मौका दिया जायगा । इसलिए इस में जो यह adequate opportunity of being heard against the proposed order, का प्राविजन रक्खा गया है यह ठीक है रक्खा गया है।

स्टैन्डर्ड रेंट के बारे में उचित नियन्त्रण रक्खा जाये।

तीसरी चीज इसमें यह है कि मकान मालिक दुबारा मकान बनाने के बाद यदि पुराने किरायेदार को वह मकान पुनः नहीं दे सकता है तब उसे किरायेदार को कुछ कम्पेंसेशन देना होगा । लेकिन मैं समझती हूं कि दिल्ली किराया नियन्त्रण ऐक्ट की धारा २० (३) में यह भी व्यवस्था है कि जब तक वह उसे डिमौलिश न करे और डिमौलिश करने और रिपेयर्स का काम करने में यदि वह अनावश्यक देरी करता है तो उसे पुराने किरायेदार को मकान वापिस देना पड़ेगा । अगर वह रीजनेबुल टाइम के अंदर मकान का पुनर्निमाण पूरा नहीं करता है तो उसे पुराने किरायेदार को वापिस मकान देना होगा । मकान मालिकों को पुराने मकानों की मरम्मत करने और उन्हें ठीक हालत में रखने की सुविधा अवश्य दी गई है लेकिन देखने में यह आता है कि मकानमालिक इसकी आड़ में किरायेदारों को बेदखल करते हैं और परेशान करते हैं जिसको कि रोकने के हेतु यह संशोधन विधेयक लाया गया है।

मकानों की समस्या दिल्ली में विशेषकर बड़ी गम्भीर है वैसे देखा जाय तो हर एक शहर में मकानों की समस्या विकट हो रही है और शहरों में ही नहीं बल्कि गांवों में भी मकानों की समस्या खड़ी हो गयी है। दिल्ली में सरकारी कर्मचारियों को मकान मिलने में बहुत दिक्कत अनुभव होती है और वह लोग जब प्राइवेट मकान ढूंढते हैं तो काफी बढ़ा हुआ किराया उनसे मांगा जाता है । देखने में यह आता है कि जब एक किरायेदार

[श्री मत सरजनी महिषी]

बदली के कारण या और किसी वजह से मकान छोड़ता है और दूसरा आदमी जब उसको किराये पर लेना चाहता है तो मकानमालिक उससे अधिक किराया तलब करते हैं और पहले के किराये के मुकाबले जो नया किराया उससे मांगते हैं वह बहुत बढ़ा चढ़ा होता है। अब मकानमालिक अपने पुराने किराये को इस कानून के अनुसार एक रीजनेबल हद तक तो बढ़ा सकते हैं लेकिन वह तो इतना बढ़ा देते हैं जिसका कि कोई अन्त ही नहीं रहता है। मकानमालिकों की अधिक से अधिक मुनाफा कमाने की प्रवृत्ति रहती है और यह आवश्यक है कि उनकी इस प्रवृत्ति पर सक्रिय रूप से अंकुश लगाया जाये। इसके कारण किरायेदारों को बहुत परेशानियों और कठिनाइयों का सामना करना होता है।

दिल्ली रैंट कंट्रोल ऐक्ट, १९५८ में कुछ चेंजेज करने चाहिएं लेकिन मैं समझती हूं कि यदि मूल ऐक्ट को सही रूप में अमल में लाया जाय तो भी बहुत कुछ कठिनाइयां सुलझ सकती हैं।

माननीय सदस्य ने यहां पर बतलाया कि कारपोरेशन के जो अफसर या कर्मचारी लोग होते हैं वह मकानमालिकों से रिश्वत लेकर उनको अपने मकान तुड़वाने की इजाजत दे देते हैं और किरायेदारों को इस तरह से परेशान किया जाता है। अब जहां तक भ्रष्टाचार की बात है तो यह करप्शन तो हर एक आफिस में हो सकता है। रिश्वत लेने वाला जहां दोषी है वहां साथ ही मकानमालिक या किरायेदार यदि रिश्वत देता है तो वह भी करप्शन के दोषी हैं। इसलिए करप्शन को रोकने के लिए सबको मिल कर प्रयास करना पड़ेगा। सही तौर से इस कानून को लागू करना पड़ेगा। जब इस कानून का स्ट्रिक्ट ऐप्लीकेशन होगा और सही तरीके से इसको कार्य रूप में परिणित करेंगे तभी यह कठिनाइयां कम हो सकती हैं।

श्री ह० च० सौय (सिंहभूम) : उपाध्यक्ष महोदय, जो बिल सदन के सामने लाया गया है, उस का स्कोप बहुत सीमित है और सिर्फ़ डाक्टरों, वकीलों और इंजीनियरों के हितों की रक्षा के लिए ही माननीय सदस्य ने इस को पेश किया है। आज ज़रूरत इस बात की है कि सारी दिल्ली के सम्बन्ध में एक व्यापक कानून सदन के सामने लाया जाये मैं वह सलाह दूंगा कि इस बिल के स्कोप को बढ़ाया जाये और चूंकि आज मकानों की कमी महसूस की जा रही है, इसलिए कम से कम इमर्जेन्सी पीरियड तक के लिए लिविंग स्पेस को कंट्रोल किया जाये और यह निर्धारित किया जाये कि एक घर में कितने आदमी रहें।

हाल ही में कांस्टीट्यूशन हाउस में रहने वाले हम लोगों को कहा गया कि हम वह जगह ख़ाली कर दें, क्योंकि हमारी फौज के अफ़सरों के लिए उस की ज़रूरत है। अगर हमारी फौज के अफ़सरों के लिए जगह की आवश्यकता हो, तो कुछ क्वार्टरों को ख़ाली करने में कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन मैं अच्छी तरह से जानता हूं कि जिन लोगों को वहां वे क्वार्टर दिये गये हैं, उन में से एक दर्जन से ऊपर ऐसे लोग भी हैं, जो कि सरकारी अफ़सर नहीं हैं, कोई काम नहीं करते हैं, लेकिन फिर भी कई बरसों से वहां पर पड़े हुए हैं।

मेरा सुझाव है कि जो सरकारी मकान एलाट किये जाते हैं, उन के एलाटमेंट के प्रोसीड्यर के बारे में—इस विषय में कि वे किस को दिये जाते हैं, किस तरह से दिये जाते हैं—एक जांच होनी चाहिए।

इस बिल को पेश करने वाले माननीय सदस्य से मैं यह रिक्वेस्ट करूंगा कि इस के स्कोप को बढ़ाना चाहिए और जो भी संशोधन

वह लाये हैं, वह उन को प्रैस करें और उन को विदड्रा न करें ।

श्री हेमराज (कांगड़ा) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, बहुत से माननीय सदस्यों ने इस बिल के बारे में अपनी राय जाहिर की है । मेरे विचार में इस बिल का मकसद बहुत अच्छा है, लेकिन एक बात, जो मेरी समझ में नहीं आ रही है और जिस की ओर कई माननीय सदस्यों ने आप का ध्यान दिलाया है, यह है कि सिर्फ़ तीन चार प्रोफ़ेशन्ज़ के लिए ही यह एग्ज़ेम्प्शन क्यों ली जाये और सब के लिए एग्ज़ेम्प्शन क्यों न हो । यह बात बिल्कुल ठीक है कि अगर कोई एग्ज़ेम्प्शन होनी चाहिए, तो वह सब के लिए होनी चाहिए । मैं मान सकता हूं कि वकील, डाक्टर और इंजीनियर जहां पर रिहायश करते हैं, उन के लिए यह सहूलियत होती है कि वहां पर वे अपना आफ़िस भी बना लें । यह प्राविज़न ठीक हैं और यह प्राविज़न होनी चाहिए । लेकिन इस के साथ ही बाकी जनता को भी वही सहूलियत मिलनी चाहिए ।

हम देखते हैं कि आम तौर पर मालिक मकान किराया बढ़ाने का कोई न कोई बहाना ढूंढ़ते रहते हैं और जब उन के पास कोई और तरीका नहीं होता हैं, तो वे कहते हैं कि हमारा मकान पुराना और वोसीदा हो गया है, इसलिए हम इस की मरम्मत कराना चाहते हैं। इस सम्बन्ध में माननीय सदस्य ने एक बहुत अच्छा प्राविज़न रखा हैं । उन्होंने बिल में यह व्यवस्था की हैं कि किसी मकान को खाली करने का हुक्म उसी सूरत में दिया जायगा, जब कि

"The condition of the building sought to be demolished or rebuilt is such as is a source of danger and is likely to fall down; or the building has been ordered by the Municipal Corporation of Delhi or by the New Delhi Municipal Committee to be demolished after giving notice of the proposed order to all the tenants in the occupation of the building and after affording to such tenants adequate opportunity of being heard against the proposed order."

इस प्राविज़न का फ़ायदा यह होगा कि कोई भी मालिक-मकान अपने मकान को तब तक खाली नहीं करवा सकता, जब तक कि म्यूनिसिपल कार्पोरेशन या म्यूनिसिपल कमेटी की तरफ से नोटिस न मिल जाये । अगर उन की तरह से नोटिस मिले, तो फिर मालिक-मकान अपने मकान को खाली करने में हके-वजानिव होगा ।

यह भी कहा गया हैं कि कई दफ़ा ऐसा हो सकता है कि कोई आदमी अधिकारियों से मिल कर नोटिस दिलवा दे । उस के लिए इस प्राविज़न में यह कहा गया हैं कि टेनांट को भी मौका मिलना चाहिए कि वह उज्र कर सके और बता सके कि जो नोटिस दिया गया है, वह जायज़ है या नहीं । अगर वह नोटिस जायज़ नहीं है, दो मौका मिलने पर वह बता सकता हैं कि जो नोटिस इश्यू किया गया है, वह महज़ उस को निकालने के लिए किया गया हैं ।

आम तौर पर यह देखा गया हैं कि जिस वक्त किसी किरायेदार को कोई मालिक-मकान निकालता है, तो वह मामूली सी मरम्मत कराता हैं और पूरा मकान नहीं बनवाता है । उस के बाद वह अपने पुराने किरायेदार को मकान देने के लिए तैयार नहीं होता हैं, क्योंकि उसे पता हैं कि पहला किरायेदार एक ख़ास किराया दे रहा था और अगर किराया बढ़ाने की कोशिश की जाये, तो थोड़ा ही किराया बढ़ाया जा सकेगा, लेकिन नये किरायेदार से वह बहुत ज्यादा रुपया ले सकता है । इस के अलावा दिल्ली में एक पगड़ी सिस्टम चलता है, जिस के मातहत हजारों रुपये अन्दर ही अन्दर ले लिये जाते हैं ।

अन्त में मैं यह कहना चाहता हूं कि जो बिल माननीय सदस्य, श्री नवल प्रभाकर ने पेश किया है, उस का मकसद बहुत अच्छा

[श्री हेम राज]

है, इस लिये गवर्नमेंट को इस की अच्छी भावना को मंजूर करते हुए इस की अच्छी बातों को मान लेना चाहिये । अगर वह पूरे बिल को नहीं मानना चाहती हैं, तो वह इस बिल की भावना को मंजूर करते हुए कोई न कोई अपनी अमेंडमेंट लाये, ताकि किरायेदारों को सहूलियत मिल सके और उन को हर रोज तंग न किया जा सके ।

इन शब्दों के साथ मैं इस बिल को सपोर्ट करता हूं ।

The Deputy Minister in the Ministry of Mines and Fuel (Shri Hajarnavis): On behalf of the Home Minister, I oppose the motion for consideration of the Bill. My task has been rendered very easy by the very careful analysis which the hon. lady Member who spoke did a short while ago. She has pointed out that the present amendment is superfluous.

The main purpose of this Bill is supposed to be—it has been indicated, if I might say so, not with the unanimous approval of the House—confined to only three professional classes, lawyers, medical practitioners and engineers. A very pertinent question has been raised as to why it should be confined to only these classes and not extended to others. Assuming that Government were to accept the object behind the Bill, it will have to be extended to classes other than those covered by the Bill.

Secondly, what the Bill proposes to do is to raise a statutory estoppel after the period provided, namely, five years. This arises out of the provisions of section 14(e). The provisions of this sub-section are to the effect that the premises let for residential purposes are required bona fide by the landlord for occupation as a residence for himself or for any member of his family dependent on him, if he is the owner thereof or for any person for whose benefit the premises are held and that the landlord or such person has no other reasonably suitable residential accommodation. This is followed by an Explanation which says:

> "For the purposes of this clause, 'premises let for residential purposes' include any premises which having been let for use as a residence are, without the consent of the landlord, used incidentally for commercial or other purposes".

The object of the section is that once premises are let for residential purposes, they ought to be used for the same purposes; otherwise, there will be a breach of the contract, which may entitle the landlord to re-enter. For instance, if a premises is in the possession of a tenant for residential purposes, the landlord, for his own bona fide occupation, can ask that the premises be restored back to him, provided he satisfies the prescribed authority that he requires it for his own residence.

As we know, in the Constitution, certain fundamental rights are guaranteed in respect of property. The whole concept of property is that you are able to enjoy it, you are entitled to put it to any use you can, subject, of course, to the provisions of law which are the requirements of the public, the requirements of the State etc. We can certainly put restrictions upon these rights of property, but they have got to pass the test applied by the courts, namely that they are reasonable restrictions. If there is a provision here which says that the owner of a house, under no circumstances whatsoever, would be entitled to recover his property, I am doubtful whether such a restriction on personal property would be regarded as reasonable by the courts.

What has been said here is: you may have let out your house when you could do it, but if you satisfy the prescribed authority that you genuinely require it for your own use, you

will be able get it back. That is, it extends the scope of the expression "premises used for residential purposes". It says that if there is a professional man in occupation of the premises, and if he has been carrying on a profession with the consent of the landlord, then it shall be treated as residential premises; it is only when there is lack of consent that it will be regarded that he has not been occupying it for residential purposes.

What the Bill tries to do is this. Though consent may be lacking, if the tenant has been occupying the premises for five years without any objection, then consent may be presumed, though no consent, either express or implied, has been proved. That is the object of the Bill.

I submit it does not rest upon any principle either of equity or of fairplay that non-action by the landlord for five years should statutorily be regarded as consent.

It may be that the occupation may have been for only two years, but the conduct of the landlord may be such that not having objected when objection could have been raised, it may amount to consent; or, the tenant may have been in occupation for more than ten years, the landlord being unaware of the diversion of the premises from the purposes for which they were allowed in the first instance, so that it will be a question of facts in each case as to whether a tenant has obtained express or implied consent from the landlord. As I said, it may be less than five years, it may be five years is too short a period because the landlord has been away, he has not been informed, there was no occasion for him to be informed. Therefore, statutorily to put in a five-year limit, I submit, rests on no principle.

Under the circumstances, Government do not see their way to accept the principle of the Bill.

As I said, the occupation may be very much less than five years, it may be a month's occupation, but the conduct of the landlord may be such as to raise an estoppel against his saying to the tenant that the use of the house is inconsistent with the original purpose of the lease.

The other provisions are merely ancillary provisions.

There is another provision saying that if the house is to be demolished, a certain procedure has to be followed. I submit that this again is unnecessary because the original provision in the Act is quite adequate, explicit and clear. It says:

> "....that the premises have become unsafe and unfit for human habitation and are required bona fide by the landlord for carrying out repairs which cannot be carried out without the premises being vacated."

Here, what is tried to be done is to lessen the scope of the protection which has been given to the tenant. It says:

> "....the condition of the building sought to be demolished is such as to be a source of danger and is likely to fall down."

I submit the original Act is very much better. It says the premises have become unsafe and unfit for human habitation, that is to say, as soon as the premises become unsafe for human habitation, action can be taken.

It is followed by what the Mover of the Bill probably has lost sight of, in section 20 of the Act. It says:

> "In making any order on the grounds specified in clause (f) or clause (g) of the proviso to subsection (1) of section 14, the Controller shall ascertain from the tenant whether he elects to be placed in occupation of the premises or part thereof from which he is to be evicted and if the tenant so elects, shall record the fact of the election in the order and specify therein the date on

[Shri Hajarnavis]

or before which he shall deliver possession so as to enable the landlord to commence the work of repairs or building or re-building as the case may be."

Further on, in sub-section (3), after the repairs are carried out, after the premises are rebuilt, the tenant has a statutory right of being placed back on the premises. Therefore, there is complete protection to the tenant. Therefore, I submit this is not necessary.

Under the original Act, the person who is evicted has the right either to be placed back or to be paid compensation. What the Bill tries to do is to make compensation payable only when the tenant elects not to go back into possession. I submit the original scheme of the Act is good inasmuch as it leaves it to the prescribed authority to decide whether the tenant ought to be placed back or whether he ought to be compensated by payment of money.

The Act has been in operation for some time. Though the debate has ranged over an area wider than that covered by the Bill, no instance has been cited where the protection given to the tenant under the Act has been proved to be inadequate or illusive. If any such concrete cases come before the Government, I am sure they will lose no time in closing any loophole that might be there.

With these words, I request the hon. Member to withdraw his Bill.

श्री नवल प्रभाकर : उपाध्यक्ष महोदय, इस बिल में दो धारायें हैं और दोनों ही धाराओं का मकसद अलग अलग है ।

16 hrs.

कुछ माननीय सदस्यों ने कहा कि धारा १४ के संशोधन के बारे में जो मैं कह रहा हूं । किन्तु जो धारा १४ है और जिसको माननीय मंत्री जी ने आपको पढ़ कर सुनाया है, उससे आपको स्पष्ट विदित हो गया होगा कि वह इसलिये लाई गई है कि कुछ लोग, अगर जिस काम के लिये उनको मकान दिया गया था, जिस शर्त पर उन को मकान दिया गया था, उसका उल्लंघन करते हैं, तो उनको हटाया जा सकता है । इसी लिये मैं ने इस विधेयक में यह उल्लेख किया है कि एक वकील है, उसके कोई दुकान नहीं है, वह अपने मकान में रहता है, उसके पास उसके मुवक्किल लोग आकर उससे मिलते हैं, उसके पास बैठते हैं । इसी तरह से एक डाक्टर है । वह भी अपने मकान में लोगों से मिलता है । अब अगर एक मकान मालिक यह कहे कि जो वकील है उसके मुवक्किल मकान में क्यों आते हैं और वह उनसे क्यों मिलता है, इसलिये उससे मकान को खाली करवाया जाये, यह मैं समझता हूं ठीक नहीं है । इसी तरह से एक डाक्टर है, कोई उससे सलाह लेने के लिये आता है, तो उसको यह कहा जाये कि यह यहां पर बैठ कर प्रेक्टिस कर रहा है, मैं ने इसको यह मकान प्रेक्टिस करने के लिये नहीं दिया था । मैं समझता हूं कि यह भी सही नहीं है । मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि इस विधेयक का आशय है कि इस तरह की बातों को लेकर मकान मालिक कंट्रोलर के पास जाकर लोगों को मकान खाली करने के लिये मजबूर न कर सकें कि यह डाक्टर है, इसके पास लोग आते हैं और यह उनको सलाह देता है, या यह वकील है और इसके पास मुवक्किल आते हैं जिनको यह सलाह देता है । मैं समझता हूं मैं ने जो संशोधन रखे हैं वे ठीक हैं ।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि मंत्री जी ने कहा कि जो पहला कानून है वह ठीक है, उसमें कोई कमी नहीं है । मैं समझता हूं कि उसमें कमी है । आप उस कानून को उठाकर देख लें उसमें यह साफ व्यवस्था है कि मकान मालिक मकान को

फिर से बनाने के लिये किरायेदार को निकाल सकता है। और मकान को फिर से बनाने के बाद उसको पांच साल तक पूरा अधिकार है कि चाहे जितना किराया ले। इस धारा के अन्तर्गत मकान मालिक को पूरा अधिकार है कि वह पांच साल तक चाहे जितना किराया ले सकता है और अगर उसके खिलाफ कोई किरायेदार कंट्रोलर के पास जाये तो उसमें कंट्रोलर भी बेबस है। यह जानते हुए भी इस किरायेदार पर जुल्म हो रहा है, वह मकान मालिक का कुछ नहीं कर सकता। तो मैं ने माननीय मंत्री जी के सामने ये दो धारायें रखी थीं और उनको अपना मकसद बता दिया था।

जैसा मैं ने पहले कहा, दिल्ली में यह एक बड़ी समस्या है। मेरा इरादा इस समस्या की तरफ सरकार का ध्यान खींचना था। और मैं समझता हूं कि मैं ने यह विधेयक पेश कर के अपना कर्तव्य पूरा कर दिया है और मुझे विश्वास है कि मेरी बातों को ध्यान में रखते हुए सरकार किरायेदारों के प्रति सहानुभूति बरतेगी। मैं समझता हूं कि मैं ने जो कुछ कहा है अधिक लोगों के हित के लिये कहा है। मैं ने इस प्रकार अपना कर्तव्य पूरा किया है।

इन शब्दों के साथ मैं अपने विधेयक को वापस लेने की अनुमति चाहता हूं क्योंकि मेरा उद्देश्य पूरा हो गया है।

श्री राम सेवक यादव : मैं अपनी बधाई वापस लेता हूं।

Mr. Deputy-Speaker: Has the hon. Member leave of the House to withdraw the Bill?

The Bill was, by leave, withdrawn.

Mr. Deputy-Speaker: Shri M. L. Dwivedi—absent. Shri D. C. Sharma absent. There is no other business before the House.

16.04 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Twelve of the Clock on Monday, December 3, 1962/Agrahayana 12, 1884 (Saka).

COLUMNS

PAPER LAID ON THE TABLE 3945

A copy of the Defence of India (Amendment) Rules, 1962, published in Notification No. G.S.R. 1593 dated the 24th November, 1962, was laid on the Table.

BILLS PASSED . . . 3950—73, 3978—4000

(*i*) Further discussion on the motion to consider the Workmen's Compensation (Amendment) Bill was concluded After clause-by-clause consideration the Bill, as amended, was passed.

(*ii*) The Deputy Minister in the Ministry of Community Development, Panchayati Raj and Cooperation (Shri Shyam Dhar Misra) moved that the Multi-unit Co-operative Societies (Amendment) Bill be taken into consideration. The motion was adopted. After clause-by-clause consideration the Bill was passed.

CALLING ATTENTION TO MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE 3973—78

Shri S.M. Banerjee called the attention of the Prime Minister to the reported news about the proposed talk between India and Pakistan to resolve the Kashmir dispute peacefully.

The Prime Minister (Shri Jawaharlal Nehru) made a statement in regard thereto.

BILL UNDER CONSIDERATION . 4000—14

The Deputy Minister in the Ministry of Law (Shri Bibudhendra Mishra) moved for the consideration of the Delimitation Commission Bill. The discussion was not concluded.

REPORT OF COMMITTEE ON PRIVATE MEMBERS' BILLS AND RESOLUTIONS ADOPTED . . . 4014-15

Eleventh Report was adopted.

COLUMNS

PRIVATE MEMBERS' BILLS INTRODUCED . . 4015-16

(1) The Compahies (Amendment) Bill, 1962 (*Amendment of sections* 15, 30 *etc.*) by Shri P. L. Barupal.

(2) The Income-tax (Amendment) Bill, 1962 (*Amendment of section* 2) by Shri C. K. Bhattacharyya.

PRIVATE MEMBER'S BILL NEGATIVED . . 4016—21

Further discussion on the motion to consider the Constitution (Amendment) Bill, (*Amendment of Article* 226) by Shri D.C. Sharma was resumed. On the consideration motion the House divided, Ayes 5; Noes 86. The motion was, however, declared as not carried in accordance with Rule 157 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha.

PRIVATE MEMBER'S BILL WITHDRAWN . . 4021—58

Shri Naval Prabhakar moved that the Delhi Rent Control (Amendment) Bill, (*Amendment of sections* 4 *and* 20 *and insertion of new section* 48*A*) be taken into consideration. He also replied to the debate. The Bill was, by leave, withdrawn.

AGENDA FOR MONDAY, DECEMBER 3, 1962/AGRAHAYANA 12, 1884 (SAKA)—

Further consideration of the Delimitation Commission Bill and passing thereof; and consideration and passing of the following Bills:—

(1) Gift-tax (Amendment) Bill.

(2) Taxation Laws (Amendment) Bill

(3) Working Journalists (Amendment) Bill.

GMGIPND—LSII—2282 (Ai)LS—17-12-62—900